**Fourteenth Loksabha**

**Session : 4**
**Date : 21-03-2005**

**Participants : Rawat Prof. Rasa Singh**

>

Title: Need to provide a halt to Ashram Express at Beawar railway station in Rajasthan.

**प्रो. रासा सिंह रावत (अजमेर) :** महोदय, अजमेर जिले के अंतर्गत ब्यावर 1.50 लाख से अधिक आबादी वाला महत्वपूर्ण औद्योगिक एवं व्यापारिक केन्द्र है। इस नगर के चारों ओर मगरा मेरवाड़ा नामक अरावली का वह पहाडी अंचल है, जहां के बहादुर लोग सेना में भर्ती होने में गौरव का अनुभव करते हैं। उनका अपने सेवा क्षेत्र में आने जाने का रेलवे स्टेशन ब्यावर ही पड़ता है। ब्यावर स्वाधीनता सेनानियों की कर्मस्थली रहा है। यहां के अनेक क्रांतिकारियों एवं स्वाधीनता सेनानियों ने आजादी की लड़ाई में भाग लेकर स्वाधीनता संग्राम में महत्वपूर्ण योगदान दिया। ब्यावर के हजारों व्यापारी गुजरात, महाराट्र एवं दक्षिणी भारत में विभिन्न उद्योगों, व्यवसायों तथा व्यापारिक गतिविधियों में लगे हुए हैं, जिनका लगातार आना-जाना लगा रहता है। कपड़े, ऊन तथा कपास की यह बहुत बड़ी मण्डी है। ऐसे महत्वपूर्ण नगर में दिल्ली अहमदाबाद के मध्य ब्रॉडगेज पर चलने वाली सुपरफास्ट आश्रम एक्सप्रेस (2915/2916) का नहीं रूकना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। जबकि इस गाड़ी का ब्यावर से छोटे नगरों में ठहराव प्रदान कर दिया गया है। इस गाड़ी के रूकने पर व्यापारियों, सैनिकों तथा किसानों को बाहर आने जाने में अत्यधिक सुविधा रहेगी। अनेक सामाजिक संगठनों, मजदूर संगठनों, व्यापारिक संघो तथा निर्वाचित जनप्रतिनिधियों ने इस संबंध में कई बार अभ्यावेदन प्रस्तुत कर इस गाड़ी के ठहराव की मांग की है।

अतः रेल मंत्रालय, भारत सरकार से अनुरोध है कि ब्यावर रेलवे स्टेशन पर सुपरफास्ट आश्रम एक्सप्रेस (2915/2916) का व्यापक जनहित में ठहराव सुनिश्चित किया जाये।